न्यायालयः—प्रशान्त पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,ग्वालियर(म.प्र.)

क्रमांक 535/2026 ग्वालियर दिनांक 02.09.2026

// विविध—आदेश //

श्रीमती आयूषी अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डबरा, जिला— ग्वालियर के मातृत्व अवकाश पर होने से एवं प्रशासनिक कार्य, सुविधा को ध्यान में रखते इस न्यायालय द्वारा जारी दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक क्रमांक 376/2026 ग्वालियर दिनांक 24.06.2026 एवं विविध आदेश क्रमांक 390/2026 ग्वालियर दिनांक 01.07.2026 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है—

1. दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—39, **(विविध आदेश क्रमांक 390/2026 दिनांक 01.7.2026 द्वारा संशोधन उपरांत कंडिका क्रमांक—38)** जो श्रीमती आयूषी अग्रवाल, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—2 में श्रीमती आयूषी अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डबरा, जिला— ग्वालियर के स्थान पर श्री अर्पित जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डबरा, जिला— ग्वालियर पढ़ा जावे।

2. दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—40, **(विविध आदेश क्रमांक 390/2026 दिनांक 01.7.2026 द्वारा संशोधन उपरांत कंडिका क्रमांक—39)** जो श्री अर्पित जैन, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—3 में उल्लिखित आरक्षी केन्द्र **पिछोर** विलोपित किया जाकर दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—41, जो श्री देवांश अग्रवाल, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—3 में **आरक्षी केन्द्र पिछोर** जोडा जावे।

3. दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—40, **(विविध आदेश क्रमांक 390/2026 दिनांक 01.7.2026 द्वारा संशोधन उपरांत कंडिका क्रमांक—39)** जो श्री अर्पित जैन, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—3 में उल्लिखित आरक्षी केन्द्र **आंतरी** विलोपित किया जाकर दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—40, जो श्रीमती शुभांगी जैन, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—3 में **आरक्षी केन्द्र आंतरी** जोडा जावे।

4. दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—40, **(विविध आदेश क्रमांक 390/2026 दिनांक 01.7.2026 द्वारा संशोधन उपरांत कंडिका क्रमांक—39)** जो श्री अर्पित जैन, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—4 में का पद क्रमांक—4 जो महिला संबंधी अपराध के धारा 183 बी.एन.एस.एस. के कथनों से संबंधित है, को विलोपित किया जाकर दाण्डिक कार्य विभाजन पत्रक की कंडिका क0—40, जो श्रीमती शुभांगी जैन, जे.एम.एफ.सी. डबरा, जिला— ग्वालियर से संबंधित है, के कॉलम नंबर—4 में पद क्रमांक—5 के रूप में निम्नानुसार जोडा जावे—

> 5. आरक्षी केन्द्र डबरा(सिटी), डबरा(देहात), बिलौआ, पिछोर, आंतरी गिजौर्रा द्वारा प्रस्तुत धारा—183 भा.नाग.सु.सं. के आवेदनों का निराकरण करना **(महिलाओं के प्रति किये गये अपराधों में)**

उक्त आदेश माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन उपरांत तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

दिनांक— 02/09/2026

(प्रशान्त पाण्डेय)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
ग्वालियर

अनुमोदित

(ललित किशोर)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
ग्वालियर

02 SEP 2026

0\

पृष्ठांकन कमांक 539 / 2026 ग्वालियर दिनांक 03 / 09 / 2026

1— माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।

2— समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

3— सिस्टम ऑफीसर कम्प्यूटर अनुविभाग, जिला न्यायालय ग्वालियर की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विविध आदेश समस्त न्यायाधीशगण ग्वालियर के ई.मेल पर अपलोड किया जावे।

4— केन्द्रीय पंजीयन कार्यालय / पूछताछ कार्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

5—जिला अभियोजन अधिकारी ग्वालियर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।

6— सचिव अभिभाषक संघ ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

7—पुलिस अधीक्षक ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(प्रशान्त पाण्डेय)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
ग्वालियर